तापमान
अधिकतम 41.0 डिग्री
न्यूनतम 27.0 डिग्री

हरिभूमि
# कांकेर भूमि
रायपुर, गुरुवार, 24 अप्रैल 2025
भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा

14 दुधावा पुलिस ने तीन गौ तस्करों को दबोचा

14 नवीन नक्सल पुनर्वास नीति का लाभ दिलाने लगा...


छ.ग.-प्री.बी.एड. प्रवेश परीक्षा 2025
ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन अंतिम तिथि
25/04/2025
(संध्या 5 बजे तक)
बी.एम. कॉलेज
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9300850065 9340311314, 9303893829

## खबर संक्षेप

### समर कैंप में बच्चे सीख रहे योग कराटे, सिलाई, कढ़ाई व बुनाई



**दुर्गूकोंदल।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस शासकीय कन्या आवासीय विद्यालय दुर्गूकोंदल में समर कैंप का आयोजन किया गया। समर कैंप बच्चों को जीवन के मूल उद्देश्यों से अवगत कराना, बच्चों को गर्मी की छुट्टियाँ में व्यस्त और सक्रिय रखना, साथ ही उनके कौशल और विकास को बढ़ावा देना है। नए-नए विधाओं को प्रशिक्षकों के द्वारा अपना अभ्यास करा रहे हैं, जिसमें आसान संतुलन की तकनीकी कलात्मक मुद्राओं का अभ्यास करके प्रत्येक बच्चे इस पारंपरिक विधाओं से अवगत हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि समर कैंप में शारीरिक विकास एकाग्रता और मानसिक संतुलन का भी उत्कृष्ट साधन है।

### कलेक्टोरेट परिसर में लागू की गई धारा 163

**कांकेर।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने कलेक्टोरेट परिसर तथा परिसर के आसपास 200 मीटर की परिधि में लोक शांति एवं सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए 22 अप्रैल से 21 जुलाई 2025 तक कुल 90 दिवस की अवधि के लिए धारा-163 लागू कर दी है। जारी आदेशानुसार भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 के धारा 163 (1) (2) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी ने कलेक्ट्रेट परिसर एवं इसके आसपास 200 मीटर की दूरी में किसी भी प्रकार का धरना, प्रदर्शन, सभा, रैली, जुलूस, नारेबाजी के लिए उक्त अवधि के लिए पूर्णतः प्रतिबंधित किया है।

### रामनगर में मासूम बच्ची की सर्पदंश से गई जान

**कांकेर।** पखांजुर थानांतर्गत पीव्ही 01 रामनगर निवासी 8 वर्षीय वंदना मंडल का सर्पदंश से मौत हो गया। पीव्ही 01 रामनगर निवासी 28 वर्षीय राजेश सरकार ने पुलिस को बताया कि मृतिका को जहरीले सांप ने काट लिया था। ईलाज के दौरान 21 मार्च को दोपहर 2 बजें मौत हो गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया।

### तहसील स्तरीय कर्मा महोत्सव कोरर में कल

**कोरर।** तहसील स्तरीय कर्मा महोत्सव का भव्य आयोजन तहसील साहू सदन कोरर में 25 अप्रैल शुक्रवार को आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक सावित्री मनोज मंडावी एवं प्रदेश अध्यक्ष साहू समाज टहलसिंह साहू, विशिष्ट अतिथि विधायक आशाराम नेताम, अध्यक्ष जिला पंचायत कांकेर किरण नरेटी रहेंगे। आयोजन के लिए तहसील साहू समाज कि ओर से जोर शोर से तैयारी कि जा रही है। तहसील क्षेत्र के हर घर से एक-एक कलश के साथ उपस्थित होने का आव्हान सामाजिक बंधुओं से किया जा रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ विशाल कलश शोभा यात्रा जो कि शिव मंदिर कोरर से निकलकर नगर क्षेत्र से होते हुए हाटकर्रा रोड स्थित साहू सदन पहुंचेगी।

**कार्रवाई:** अफसरों को देख आपरेटर व हाईवा चालक वाहनों को छोड़कर भाग गए

# टांहकापार और माहुद रेत खदान में लगी चेन माउंटेन को किया गया सील, पांच हाईवा जब्त

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर

चारामा क्षेत्र से गुजरने वाली महानदी में रात 12 बजे रेत तस्कर सक्रिय हो जाते है और

- चारामा में रात 12 से 04 बजे रेत तस्कर हो गए सक्रिय, निकाल रहे है रेत

सुबह 04 बजे तक रेत निकालने के बाद चैन माउंटेन को खदान से निकालकर जंगल में खड़ी कर देते है। बीती रात को 9 बजे एसडीएम को खबर मिली कि टांहकापार में अवैध रेत का उत्खनन हो रहा है। एसडीएम अपने दल के साथ पहुँचे। वाहन चालक और जेसीबी का आपरेटर वाहन को छोड़कर भाग गए। एसडीएम ने 03 हाईवा का जप्तीनामा बनाया वहीं खनिज विभाग के अमले ने एसडीएम के निर्देश पर टांहकापार रेत खदान में लगी चैन माउंटेन को सील किया।




जानकारी के अनुसार खनिज विभाग ने रात को अवैध उत्खनन व परिवहन पर पूरी तरह से रोक लगा रखा है, इसके बावजूद कई तस्कर महानदी के अंदरूनी ईलाके में रेत का अवैध उत्खनन व परिवहन कर रहे है। महानदी के गांव के लोगों की मानें तो रेत तस्कर रात को 12 बजे चैन माउंटेन नदी में लगाते है और सुबह 04 बजे तक हाईवा में सीधे रेत को लोडिंग किया जा रहा है। यह खेल प्रतिदिन रात को चल रहा है, जहाँ जहाँ रात को खेल चल रहा है, वहाँ पर उन्हीं लोगों का संरक्षण है, जो घूम घूमकर रेत खदान को बंद करवाने के लिए अफसरों के आगे पीछे घूमते रहते है। चारामा एसडीएम को 22 अप्रैल की बीती रात को लगभग 9 बजे के पास शिकायत मिली कि टांहकापार में अवैध उत्खनन हो रहा है, यह शिकायत ग्रामीणों ने किया था। एसडीएम ने ग्रामीणों की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए अपनी टीम के साथ टांहकापार पहुँचे और तीन हाईवा वाहन क्रमांक सीजी 24 व्ही 9799, सीजी 04 एमएम 4253, सीजी 08 एएन 7203 को जब्त किया।

इसके अलावा एक चैन माउंटेन चेचिस नंबर पीयूएजेडी 21 एईपी 3191054 को सील किया गया। एसडीएम ने बताया कि 21 अप्रैल को माहुद रेत खदान के पास हाईवा क्रमांक सीजी 24 आर 2481, सीजी 04 एचसी 6420 को जप्त किया गया और एसएन 512065029 को सील किया गया।

### चैन माउंटेन को किया गया सील

खनिज विभाग में संलग्न नगर सैनिक रात को लगभग साढ़े 10 बजे पहुँचकर टांहकापार में रेत खदान में लगी चैन माउंटेन को सील किया और खदान के पास जिम्मेदार व्यक्ति के नहीं मिलने पर सील लगाकर छोड़ दिया गया। सील होने के बाद इस खदान से रेत तस्करी होती है या बंद होती है, यह तो आने वाला समय ही बताएगा।


### ग्रामीणों में बना हुआ है आक्रोश

टांहकापार में रेत मामले में गाँव के लोग दो पक्षों में बंट गए है। विरोध करने वाले गुट के लोगों का कहना है कि राष्ट्रीय पार्टी के जिला पदाधिकारी का बेटा इस खदान में संलिप्त है और उसके कारण गांव के लोग कुछ नहीं बोलते, वहीं ग्रामीणों में आक्रोश पनपता जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि बड़ी गाड़ी के चलने से गांव की सड़क खराब होते जा रही है।

### चैन माउंटेन के आपरेटर को भेजा जा चुका है जेल

एसडीएम नरेंद्र बंजारा ने विगत दिनों भुईगांव में चैन माउंटेन के आपरेटर को पकड़ा था और उसके द्वारा शांति भंग करने का प्रयास किया गया, जिसके चलते उसे जेल की सलाखों में भेज दिया था। इस घटना के बाद एसडीएम के आने की खबर मिलने पर चैन माउंटेन के आपरेटर चैन माउंटेन को नदी में ही छोड़कर भाग जाते है।

# पारा हुआ 41 डिग्री पार, स्कूलों में 25 से ग्रीष्मकालीन अवकाश



हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर

कांकेर सहित पूरे प्रदेश में भीषण गर्मी शुरू हो गई है। पिछले दो दिनों से पारा 40 डिग्री पहुंच गया था,

- मौसम विभाग ने जारी किया कांकेर में लू एलर्ट

लेकिन मंगलवार को यह 41 डिग्री सेल्सियस से ऊपर चला गया। हालात को देखते हुए प्रदेश सरकार ने 25 अप्रैल से सभी स्कूलों को बंद करने का निर्णय लिया है। पहले 1 मई से स्कूलों में ग्रीष्मकालीन अवकाश घोषित किया गया था, लेकिन अब 25 अप्रैल से ग्रीष्मकालीन अवकाश प्रारंभ हो जाएगा और 15 जून तक रहेगा। 16 जून से स्कूल फिर से नए शिक्षण सत्र के लिए खोल दिए जाएंगे। सरकारी, गैर सरकारी, अनुदान प्राप्त व गैर अनुदान प्राप्त स्कूलों में भी यह आदेश लागू होंगे। इस तरह बच्चों को गर्मी से काफी राहत मिलेगी। पिछले तीन दिनों से तापमान लगातार बढ़ता ही जा रहा है। सुबह से ही तेज धूप होने लगी है। दोपहर तक ये गर्मी लोगों को झुलसा दे रही है। मौसम विज्ञान केंद्र के मुताबिक कांकेर का मंगलवार को अधिकतम तापमान 41 डिग्री सेल्सियस जा पहुंचा। यह सामान्य से 2 डिग्री सेल्सियस अधिक रहा। मौजूदा हालात को देखते हुए मौसम विभाग ने लू एलर्ट जारी किया है। कांकेर ▸▸|शेष पेज 12 पर

### द्रोणिका उत्तर पश्चिम विहार से लू के हालात

एक पश्चिमी विक्षोभ उत्तर पाकिस्तान और उसके आसपास 3.1 किलोमीटर से 5.8 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण उत्तर पश्चिम बिहार के ऊपर 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक द्रोणिका उत्तर पश्चिम विहार से छत्तीसगढ़ होते हुए मन्नार की खाड़ी तक 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। 23 अप्रैल को मौसम मुख्यतः शुष्क रहेगा।

# शादी से वापस लौट रही बोलेरो पुलिया से गिरी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर

कोड़ेकुर्से के पास भूरके पुलिया से बोलेरो वाहन नीचे गिर गया। वाहन पुलिया के नीचे गिर व पलट गई,

- वाहन में सवार लोगों को आईं चोटें

जिससे वाहन में बैठे लोगों को चोटें आईं। सभी लोग वाहन में सवार होकर शादी कार्यक्रम में शामिल होने गए हुए थे और रात को वापस लौट रहे थे। तभी वाहन के चालक ने वाहन को तेज गति व लापरवाही पूर्वक चलाया, जिससे यह दुर्घटना हुई। लोहत्तर थाना में शिकायत करने पहुंचे सोनादई निवासी 45 वर्षीय कनेश दीवान पिता सगनू राम दीवान ने पुलिस को बताया कि 21 अप्रैल को विवाह कार्यक्रम में बाराती जाने के लिए वह एवं गांव के और मेटाघमरे के कुछ ग्राम परतापुर गए थे। विवाह में शामिल होकर रात लगभग साढ़े 10 बजे परतापुर से बोलेरो वाहन क्रमांक सीजी 05 एफ 0642 सवार होकर 17 वर्षीय छबीला टोहलिया पिता लालजी, 19 वर्षीय राधा ठाकुर पिता मानुराम, 26




वर्षीय संगीता टोहलिया पिता लालजी, 16 वर्षीय वंदना समरथ पिता अंकालू, 20 वर्षीय अमिला टोहलिया पिता सावजी, 21 वर्षीय दीपिका देहारी पिता उत्तम देहारी, 13 वर्षीय अभिषेक दीवान पिता कनेश दीवान, 21 वर्षीय ममता चुरपाल पिता अशोक, 21 वर्षीय सगरो धुर्वा पिता रामजी धुर्वा सभी लोग बोलेरो वाहन में ग्राम सोनादई आने के लिए निकले थे। रात साढ़े 10 बजे परतापुर से निकले थे। रात साढ़े 11 बजे बोलेरो वाहन भूरके पुलिया ग्राम कोड़ेकुर्से में पहुंचे थे। बोलेरो वाहन चालक द्वारा वाहन को तेज गति एवं लापरवाही से चलाते हुए वाहन को भूरके पुलिया नीचे गिरा दिया, जिससे वाहन में बैठे हम सभी लोग वाहन सहित पुलिया के नीचे गिर गए व वाहन पलट गया। गिरने से हम ▸▸|शेष पेज 12 पर

### सड़क दुर्घटना में युवक की मौके पर हुई मौत

**कांकेर।** अंतागढ़ थानांतर्गत लामकन्हार के पास 22 अप्रैल को दोपहर 12 बजें अज्ञात वाहन चालक ने अपनी वाहन को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए चूरपाल निवासी 31 वर्षीय रूपेश को टक्कर मार दिया, जिससे रूपेश की घटना स्थल में ही मौत हो गई। सेमरापारा निवासी ईश्वर ने घटना की शिकायत अंतागढ़ थाना में किया। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया।

# आग लगाकर पत्नी की हत्या करने वाले हत्यारे पति को पुलिस ने जेल की सलाखों में भेजा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर

ऊपरतोनका में महिला को जलाकर हत्या करने के मामले में पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार जेल दाखिल किया। आरोपी पति ने पहले पत्नी के साथ मारपीट किया उसके बाद धान पैरा को ऊपर डालकर आग लगा दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। कोरर थाना में 22 अप्रैल को शिकायत करने पहुंचे ऊपरतोनका निवासी 30 वर्षिय संतुराम गोटा पिता स्व. घसिया राम ने पुलिस को बताया कि 22 अप्रैल को सुबह अपने परिवार के साथ घर में था। सुबह लगभग 4 बजें छेरकूराम आकर बताया कि पत्नी चैती बाई को खेत लाड़ी में मार दिया हूं, तब खेत लाड़ी में जाकर देखा तो आम पेड़ के नीचे धान पैरा में जली हुई और कपड़ा शरीर में चिपका हुआ, मृत अवस्था में उसकी पत्नी पड़ी हुई थी। ग्राम पटेल व अन्य लोगों को बताने से जाकर देखने के बाद थाना कोरर रिपोर्ट लिखाने आया हूं। कोरर पुलिस मौके पर पहुंची और छेरकू राम को घटना के संबंध में पूछताछ किया। आरोपी ने बताया कि मैं और मेरी पत्नी आम पेड़ के नीचे बैठे थे। लाड़ी के अन्दर चल बोलने से कहने पर उसने कहा यही सोउंगी, उसके मना करने पर गुस्से में आकर 2-3 थप्पड़ मारा और वह वही पर गिर गई। हाथ पकड़कर ▸▸|शेष पेज 12 पर



# विधायक ने तालाब का गहरीकरण करने के लिए किया भूमिपूजन, होगा जीर्णोद्धार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर

शहर कांकेर के मध्य में स्थित कंकालिन तालाब का लंबे समय से गहरीकरण नहीं होने के चलते तालाब की हालत दयनीय हो गई थी। जनसमुदाय की मदद से तालाब के गहरीकरण को लेकर विधायक आशाराम नेता, नगर पालिका अध्यक्ष अरूण कौशिक, कलेक्टर निलेश क्षीरसागर एवं अन्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में भूमिपूजन किया गया।

जानकारी के अनुसार जनकपुर वार्ड में गढ़िया पहाड़ के नीचे स्थित कंकालिन तालाब को जीणोद्धार के लिए कई बार माँग उठी, परंतु नगर पालिका में भाजपा के अध्यक्ष बनने के उपरांत जनसमुदय की मदद से तालाब का पानी निकालकर गहराई कार्य करने के लिए 23 अप्रैल को भूमिपूजन किया गया। विधायक




आशाराम नेताम ने कहा कि इस तालाब का जीणोद्धार किया जाएगा और इस तालाब में बारिश के दिनों में गढ़िया पहाड़ का पानी बहुत आता है। गहाराई नहीं होने के कारण पानी आसपास बह जाता था। इसीलिए जनसमुदाय की मदद से गहराई कार्य बुधवार 23 अप्रैल से प्रारंभ किया गया है। गहराई कार्य पूरा हो जाने के बाद इसके सौंदर्यीकरण के लिए प्रयास किया जाएगा। शहर के दो तालाबों का बेहतर ढंग से जीणोद्धार किए जाने के बाद अब शहर के तालाबों को संजोने का काम भाजपा नेताओं के द्वारा प्रारंभ किया गया है। यह शहर के लिए बहुत अच्छी पहल है। नगर पालिका अध्यक्ष अरूण कौशिक ने बताया कि तालाब के गहरीकरण की माँग लंबे समय से किया जा रहा था, उसी के तहत मेड़ को तोड़कर पहले पानी को निकाला गया और बुधवार को गहरीकरण के लिए भूमिपूजन किया गया।

आयोजित कार्यक्रम में भाजपा के जिलाध्यक्ष महेश जैन, जिला महामंत्री दिलीप जायसवाल, नपा उपाध्यक्ष उत्तम यादव, जनकपुर वार्ड की पार्षद मंजू सारथी, पार्षद टिकेंद्र ठाकुर, वीरू साहू, दिनेश रजक, घनेंद्र ठाकुर, मोंटी खटवानी के अलावा अधिकारियों में जिला पंचायत ▸▸|शेष पेज 12 पर

# कार की टक्कर से बाइक सवार हुआ घायल, चालक के खिलाफ मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर

कृषि मण्डी पखांजुर के पास बाइक सवार युवक को कार चालक ने अपनी वाहन को लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दिया। टक्कर से बाइक सवार बाइक समेत जमीन पर गिर गया व उसे गंभीर चोट आई। पखांजुर थाना में शिकायत करने पहुंचे पीव्ही 31 हरिहरपुर निवासी 34 वर्षीय केशव व्यापारी पिता किशोर व्यापारी ने पुलिस को बताया कि 9 अप्रैल को पीव्ही 31 से पखांजुर अपने मोटर सायकल वाहन क्रमांक सीजी 19 बीआर 5069 में सवार होकर निजी काम से जा रहा था। रात करीबन साढ़े 8 बजें बजे कृषि मण्डी पखांजुर महेन्द्रा ट्रेक्टर शोरूम के पास मेन रोड में पहुंचा था। उसी समय पखांजुर की ओर से आ रही कार क्रमांक सीजी 19 बीएस 8731 के चालक पीव्ही 60 यशवंतनगर निवासी उत्तम मंडल पिता सुबोध मंडल के द्वारा अपने वाहन को तेज गति व लापरवाही पूर्वक चलाकर ठोकर मार दिया, जिससे मैं मोटर सायकल सहित गिर गया। राहगीरों ने मुझे एंबुलेंस वाहन से ईलाज के लिए सिविल अस्पताल पखांजुर भर्ती किया। चोट गंभीर होने के कारण चिकित्सक ने हायर सेंटर रिफर किया, तब परिवार वाले एम्स अस्पताल रायपुर में ले जाकर भर्ती कराया और वही ईलाज कराए है। एक्सीडेंट से मेरे दोनो पैर, दाहिने हाथ, सिर, छाती में चोट लगा। एक्सीडेंट से मोटर सायकल के सामने का हिस्सा क्षतिग्रस्त हुआ। ईलाज के लिए रायपुर में भर्ती होने से रिपोर्ट लिखाने थाना नहीं आ पाया था। अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद 22 अप्रैल को शिकायत दर्ज कराया हूं। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी वाहन क्रमांक सीजी 19 बीएस 8731 के चालक उत्तम मंडल के खिलाफ धारा 125 (ए), 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।



तारा टूटने के नजारों को देखने युवाओं में दिखा उत्साह

# कांकेर के युवाओं ने बीती रात को उल्का वृष्टि का देखा नजारा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर

सौर मंडल के ग्रहों के बीच के अंतरिक्ष में पत्थर और लोहे के अनगिनत छोटे छोटे कंकड़ या कण मौजूद हैं। ऐसे कई कण जब पृथ्वी के

- 22 युवा दल खमडोढ़गी में दृश्य देखने के लिए पहुंचा

गुरूत्वाकर्षण में आने पर तीव्र वेग से पृथ्वी के वायुमंडलीय घर्षण के कारण रात्रि के आकाश में क्षण भर के लिए चमक उठता है, इसी को उल्का या टूटता तारा कहा जाता है।

मेडिकल कालेज के चिकित्सक डॉ. धीरज कटारा ने बताया कि इस नजारे को देखने के लिए शहर के लगभग 22 युवा अभीक, राहुल नायक, सचिन, अंकित, डॉ. छत्रपाल, आशुतोष, शिल्पा, राम्या, श्वेता, हेमकांत, राज ठाकुर, गौरव, शुभम, रानू गुप्ता, प्रेम श्रीवास, उमेश चंद्र कोड़ोपी, सचिन सिंह,




अपर्णा सिंह, अवनी सिंह, यशवर्धन और अभिषेक एक स्थान पर रात को 9 बजे एकत्र हुए। यह दल कांकेर के पास खमडोढगी में तारे के टूटने के दृश्य को देखने का मजा लिया और इस दृश्य को अपने कैमरों में कैद किया। उन्होने बताया कि उल्का वृष्टि का संबंध किसी न किसी धूमकेतुओं से ही होता है, धूमकेतु जो कि धूलिकड़ों और बर्फ से बनी गैसों के पिण्ड होते हैं। यह लंबी दीर्घब्रत्ताकार कक्षाओं में सूर्य की परिक्रमा करते हैं, इनसे निकले हुए कण इनकी कक्षाओं में चक्कर लगाते रहते हैं, जब पृथ्वी वार्षिक गमन के दौरान किसी धूमकेतु के यात्रा पथ से गुजरती है, तब धूमकेतु के यह कण पृथ्वी के वायुमंडल में घर्षण के कारण जलने लगते हैं और उल्काओं के रूप में चमकते हुए दिखाई देते हैं, तभी रात्रि के दौरान आकाश में हमें उल्का वृष्टि का आकर्षक नजारा दिखाई देता है, इसी को खगोल विज्ञान की भाषा में मेटियर शॉवर या उल्का वृष्टि या केतु वृष्टि कहा जाता है, लेकिन आम जन मानस की भाषा में तो इसे ही टूटते हुए तारे कहा जाता है। जानकारों ने बताया कि लिरिड उल्का बौछार एक खगोलीय घटना है, जो हर साल अप्रैल के अंत में होती है, यह उल्का वर्षा पृथ्वी के वायुमंडल में धूमकेतु थैचर के मलबे के कणों के द्वारा होती है। थैचर धूमकेतु 415 वर्षों में सूर्य का एक चक्कर लगाता है और यह धूमकेतु दुबारा वर्ष 2276 में फिर से पृथ्वी से नजर आयेगा, फिलहाल के लिए आप इससे होने वाली उल्का वृष्टि का आनंद तो उठा ही सकते हैं। वैसे तो यह उल्का वृष्टि प्रत्येक वर्ष 16 अप्रैल से शुरू होकर लगभग 25 से 30 अप्रैल तक भी दिखाई देती है, लेकिन इस बार यह 22 अप्रैल की मध्य रात्रि से 23 अप्रैल की भोर तक अपने चरम पर दिखाई दिया, जिसे कांकेर के युवाओं ने कैमरे में कैद किया।

# बीयर लेने पहुंचे युवक के साथ शराब दुकान वाले ने की मारपीट व जान से मारने की दी धमकी

**कांकेर।** मद्रासीपारा अंतागढ़ के विदेशी शराब दुकान में बीयर लेने पहुंचे युवक के साथ शराब दुकान के स्टाप ने मारपीट किया और जान से मारने की धमकी दिया। युवक ने मारपीट की शिकायत अंतागढ़ थाना में किया। शिकायत पर पुलिस ने दो आरोपी के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध किया। अंतागढ़ थाना में शिकायत करने पहुंचे मोदे निवासी 24 वर्षीय राजू नेताम पिता कंवल सिंह नेताम ने पुलिस को बताया कि ड्राइवरी का काम करता हूँ और 21 अप्रैल को रिश्तेदार के घर ग्राम कलगांव शादी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए गया। दूसरे दिन 22 अप्रैल को मेरे दोस्त जागेश शोरी के साथ शराब खरीदने विदेशी शराब दुकान अंतागढ़ गया। करीबन दोपहर डेढ़ बजें शराब खरीदने काउंटर पर गया और दो बीयर मांगा, शराब दुकान वाले ने 460 रूपएं मांगे। मेरे द्वारा इतना पैसा क्यो दूंगा कहने पर नवदीप रामटेके एवं सुचित सिंह ने गाली देना शुरू कर दिया। जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ मुक्का से मारपीट करने लगे, जिससे मेरे आंख और हाथ में चोट लगा है। दोनो आरोपी युवक हमारी बात किसी तरह को सुनने को तैयार नहीं थे, उनके द्वारा दादागिरी किया जा रहा था। प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी नवदीप रामटेके और सुचित सिंह के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 3 (5), 351 (3) बीएनएस के तहत मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया गया।



## खबर संक्षेप

### मुस्लिम जमात करेगा आतंकवाद का पुतला दहन

**जगदलपुर।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले के खिलाफ मुस्लिम जमात अंजुमन इस्लामिया एड्हाक कमेटी के जेरे निगरानी में आतंकवाद का पुतला दहन किया। आतंकवादियों की पनाहगाह बने मुल्क पाकिस्तान और आतंकियों की जमकर विरोध करेगी।अंजुमन इस्लामिया एड्हाक कमेटी के चेयरमैन डॉ जहिरुद्दीन शेख ने मीडिया को बयान जारी कर कहा है कि मानवता को कलंकित करने वाले आतंकवादियों का मुस्लिम जमात पुरजोर विरोध करती है। इन शैतानी ताकतों के खिलाफ शहर की मुस्लिम जमात सरकार और देश के साथ खड़ी है। इस घटना की जितनी निंदा की जाए कम है, इसलिए अंजुमन इस्लामिया एड्हाक कमेटी की जेरे निगरानी में शहर की मुस्लिम जमात के द्वारा 25 अप्रैल दिन शुक्रवार को बाद नमाजे जुमा मिताली चौक में दहशतगर्दी और आतंकवाद का पुतला दहन करते हुए पुरजोर तरीके से विरोध प्रदर्शन करेगी,डॉ जहिरुद्दीन शेख ने इस विरोध प्रदर्शन में ज्यादा से ज्यादा मुस्लिम जमात के लोगों को शामिल होने की अपील की है।

### व्यापम की उप अभियंता भर्ती के लिए परीक्षा 27 को

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर द्वारा 27 अप्रैल को उप अभियंता सिविल तथा उप अभियंता विद्युत एवं यांत्रिकी भर्ती परीक्षा प्रातः 10 बजे से अपरान्ह 12.15 बजे तक जगदलपुर के 4 परीक्षा केन्द्रों में आयोजित की जाएगी। जिसके तहत केन्द्र क्रमांक 1701 शासकीय काकतीय पीजी कॉलेज धरमपुरा नम्बर 2, केन्द्र क्रमांक 1702 शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय धरमपुरा नम्बर 3 , केन्द्र क्रमांक 1703 शासकीय दन्तेश्वरी पीजी महिला महाविद्यालय शांति नगर और केन्द्र क्रमांक 1704 शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या हायर सेकण्डरी स्कूल क्रमांक परीक्षा केन्द्रों पर उक्त भर्ती परीक्षा आयोजित की जाएगी।

### सुशासन तिहार, आवेदनों के निराकरण के लिए शिविर 28 से

**जगदलपुर।** सुशासन तिहार के तहत जनसाधारण से लाइसेंस बनाने के लिए प्राप्त आवेदन पत्रों के निराकरण हेतु क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय में 28 अप्रैल से 6 मई तक विकासखण्ड के अनुसार शिविर का आयोजन किया गया है।

### निधन

### फगनी बाई भारद्वाज

**फरसगांव।** नगर के वार्ड क्रमांक 5 निवासी फगनी बाई भारद्वाज का अचानक बुधवार की सुबह करीब 7 बजे निधन हो गया। उनके निधन से परिजनों ने दुख व्याप्त है।



उन्होंने अपने पीछे अपने पुत्र जग्गू भारद्वाज, बहु हीरा भारद्वाज, नाती-पोती सहित पीछे हंसता खेलता परिवार छोड़कर चली गईं। बुधवार को शवयात्रा निकालने के बाद परिजनों और नगरवासियो कि उपस्तिथि में उनके शव का अंतिम संस्कार किया गया।

# पृथ्वी दिवस पर कोंडागांव विवि में हुआ पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

शासकीय गुण्डाधुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोंडागांव में पृथ्वी दिवस के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण एवं जागरूकता पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रें एवं शिक्षकों में पर्यावरण, जलवायु परिवर्तन और सतत विकास के प्रति जागरूकता फैलाना था।

कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. चेतन राम पटेल के प्रेरणादायक उद्बोधन से हुआ। उन्होंने जनसंख्या वृद्धि और शहरीकरण के कारण बढ़ते पर्यावरणीय संकट पर चिंता जताई और नवाचार आधारित समाधान अपनाने की आवश्यकता बताई। डॉ. किरण नुरुटी विभागाध्यक्ष, समाजशास्त्र ने आदिवासी संस्कृति से पर्यावरण संरक्षण की सीख लेने की बात कही, वहीं डॉ. पुरोहित सोरी इतिहास विभाग ने आईपीएल में एक डॉट बॉल पर एक पौधा लगाने की पहल का उल्लेख करते हुए छोटे–छोटे प्रयासों के बड़े प्रभाव की बात कही। अन्य वक्ताओं में शशिभूषण कन्नौजे वनस्पति शास्त्र ने ग्लोबल वार्मिंग और नवीकरणीय ऊर्जा पर, नसीर अहमद रसायन शास्त्र ने ऊर्जा संरक्षण और जल बचत पर, विनय कुमार देवांगन हिंदी विभाग ने रहीम के दोहे के माध्यम से जल संरक्षण पर प्रकाश डाला। डॉ. आकाश वासनीकर वाणिज्य विभाग ने ग्लेशियरों के पिघलने के गंभीर प्रभाव बताए, वहीं लोचन वर्मा भौतिक विभाग ने पृथ्वी दिवस के इतिहास पर जानकारी साझा की।

### विद्यार्थियों में हुआ जिम्मेदारी का संचार



#### विद्यार्थियों ने क्विज़ प्रतियोगिता में भाग लेकर अपनी पर्यावरणीय समझ का प्रदर्शन

भूगोल विभागाध्यक्ष समलेश पोटाई ने जलवायु परिवर्तन को लेकर जनजागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया और अतिथि व्याख्याता शिल्पा दर्रो ने इस वर्ष की थीम के अनुसार पर्यावरण–अनुकूल उत्पाद अपनाने का आग्रह किया। कार्यक्रम का संचालन अतिथि व्याख्याता जगतु राम नेताम ने किया और सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। इस दौरान एम.ए. और बी.ए. द्वितीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने क्विज प्रतियोगिता में भाग लेकर अपनी पर्यावरणीय समझ का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम ने न केवल शैक्षणिक उद्देश्य को पूरा किया, बल्कि छात्रें में प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी की भावना भी विकसित की।



## हर घर में नल के माध्यम से होगी शुद्ध जल की आपूर्ति

# दण्डवन में सामुदायिक सहभागिता से जल प्रबंधन जल जीवन मिशन से हर घर पहुंचा शुद्ध पेयजल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

जिला मुख्यालय से लगभग 33 किलोमीटर दूर स्थित छोटा–सा ग्राम दण्डवन आज जल प्रबंधन के क्षेत्र में एक प्रेरणादायक उदाहरण बन चुका है। कभी जहां गांव की महिलाएं पानी के लिए सुबह 4 बजे उठकर किलोमीटरों दूर तालाब और कुओं तक जाती थीं, वहीं आज हर घर में नल से स्वच्छ पेयजल उपलब्ध है।

■ घर–घर में नल जल मिलने से गांव की महिलाएं बुजुर्ग और बच्चे सभी खुश

जल जीवन मिशन के अंतर्गत किए गए कार्यों ने इस गांव की तस्वीर बदल दी है। ग्राम दण्डवन में अब पूरी तरह जल आपूर्ति व्यवस्था क्रियाशील है और इसकी संचालन एवं रखरखाव की जम्मिेदारी स्वयं ग्रामीणों ने अपने हाथों में ले ली है। यह सामुदायिक सहभागिता ग्राम विकास की एक मिसाल पेश कर रही है। ग्राम दण्डवन की महिलाएं बताती हैं, पहले के समय में हम सुबह अंधेरे में उठकर मिलों चलकर पानी लाने जाते थे। छोटे बच्चे भी साथ जाते थे। गर्मी में कुएं और हैंडपंप सूख जाते थे। तब पानी की एक–एक बूंद के लिए संघर्ष करना पड़ता था। उन दिनों अधिकांश जलस्त्रोत या तो गांव से दूर थे या गर्मी में सूख जाते थे। महिलाओं को घरेलू कामों के साथ–साथ पानी की व्यवस्था करना एक चुनौती थी। इससे बच्चों की पढ़ाई, महिलाओं की दिनचर्या और बुजुर्गों का स्वास्थ्य प्रभावित होता था। वर्ष 2019 में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू हुई जल जीवन मिशन के तहत ग्राम दण्डवन को भी इस योजना से जोड़ा गया। योजना के अंतर्गत गांव के प्रत्येक घर को पाइपलाइन से जोड़ते हुए 132 घरेलू नल कनेक्शन प्रदान किए गए। अब हर घर में नल के माध्यम से शुद्ध जल की आपूर्ति हो रही है।





### जमीनी स्तर पर पहुंचीं सरकार की योजनाएं

ग्राम के सरपंच कृष्ण आधार नाग बताते हैं, पहले पानी के लिए हैंडपंपों पर लंबी लाइनें लगती थी। महिलाएं सुबह से ही पानी भरने में लग जाती थीं जिससे उन्हें घर का बाकी काम करने और बच्चों को स्कूल भेजने में परेशानी होती थी। गर्मी में जलस्तर गिर जाता था और पानी की भारी किल्लत हो जाती थी। लेकिन अब हर घर में नल से जल मिलने से गांव की महिलाएं, बुजुर्ग और बच्चे सभी खुश और संतुष्ट हैं। आज ग्राम दण्डवन, न सिर्फ हर घर जल योजना के सफल क्रियान्वयन का उदाहरण है, बल्कि सामुदायिक भागीदारी और महिलाओं की नेतृत्व क्षमता का भी प्रतीक है। इस बदलाव ने साबित कर दिया है कि जब सरकार की योजनाएं जमीनी स्तर पर पहुंचती हैं और समुदाय उसमें सक्रियता से भाग लेता है तभी विकास साकार हो सकता है।

### महिलाओं के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन

इस योजना से न केवल महिलाओं को राहत मिली है, बल्कि बच्चों, बुजुर्गों और गर्भवती महिलाओं के भी जीवन में भी सकारात्मक परिवर्तन आया है। महिलाएं जो पहले पानी भरने के लिए संघर्ष करती थीं, अब घर में ही पेयजल की सुविधा का लाभ उठा रही हैं। बच्चे समय पर स्कूल जा पा रहे हैं और बुजुर्गों को लंबी दूरी तय करने की आवश्यकता नहीं रही। ग्राम दण्डवन में खासाबती, नीलबती, रामबती, भगवती और घसनी जैसी महिलाएं अब जल वाहिनी के रूप में काम कर रही हैं। ये महिलाएं पानी की गुणवता की जांच करती हैं और गांव के अन्य लोगों को स्वच्छ जल, जल संरक्षण और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करती हैं। इस योजना ने महिलाओं को आत्मनिर्भर और आत्मविश्वासी बनाया है। वे अब केवल घर तक सीमित नहीं हैं बल्कि समाज के कल्याण में भी सक्रिय भागीदारी निभा रही हैं। दण्डवन की एक और खास बात यह है कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत बनी जलापूर्ति प्रणाली का संचालन और रखरखाव स्वयं ग्रामीणों द्वारा किया जा रहा है। इससे न केवल सिस्टम की स्थायित्वता सुनिश्चित हुई है, बल्कि ग्रामीणों की भागीदारी और जिम्मेदारी की भावना भी प्रबल हुई है।

# नवपदस्थ कलेक्टर ने किया ग्रंथालय का निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

नवपदस्थ कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने आज शाम जिला मुख्यालय स्थित ग्रंथालय का प्रथम निरीक्षण किया। उन्होंने वहां की व्यवस्थाओं एवं विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी से पंजीयन प्रक्रिया, पुस्तकों की उपलब्धता एवं ग्रंथालय के रखरखाव से संबंधित जानकारी प्राप्त की और पाठकों की समस्याएं जानी। कलेक्टर ने ग्रन्थालय को स्वयं सक्षम बनाने के लिए नोडल अधिकारी और जिला शिक्षा अधिकारी को आवश्यक व्यवस्था हेतु निर्देशित किया।

■ युवाओं ने कलेक्टर को पावर कट की समस्या से कराया अवगत

ग्रन्थालय में पढ़ाई के लिए आए युवाओं ने कलेक्टर को पावर कट से होने वाली परेशानियों से अवगत कराया। इस पर कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी को ग्रंथालय में निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए। साथ ही लाइब्रेरी में ऊर्जा के वैकल्पिक स्रोत के उपयोग के लिए सौर पैनल के लिए भी कहा। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी भारती प्रधान एवं लाइब्रेरी के स्टाफ उपस्थित रहे।

# पूर्व सैनिक सेवा परिषद ने किया नवपदस्थ कलेक्टर का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव



आज अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोंडागांव की ओर से नवपदस्थ कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना का आत्मीय स्वागत किया गया। परिषद के प्रतिनिधियों ने उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर शुभकामनाएं दीं और उनके कार्यकाल के लिए सफलता की कामना की।

■ 76 युवा बस्तर फाइटर, 61 अग्निवीर और लगभग 30 अर्धसैनिक बलों व जिला बल में हुए चयनित

इस अवसर पर परिषद के बस्तर संभाग प्रभारी सुब्रत साहा ने कलेक्टर को संगठन की गतिविधियों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बीते छह वर्षों में परिषद द्वारा कोंडागांव, फरसगांव, केशकाल और बड़ेराजपुर ब्लॉकों में लगभग 15,000 युवक–युवतियों को निःशुल्क सैन्य प्रशिक्षण प्रदान किया गया है। इस प्रशिक्षण के परिणामस्वरूप 76 युवा बस्तर फाइटर, 61 अग्निवीर और लगभग 30 युवक–युवतियां अर्धसैनिक बलों और जिला बल में चयनित हो चुके हैं। संगठन न केवल सैन्य प्रशिक्षण में योगदान दे रहा है, बल्कि समाज जागरूकता के लिए भी सक्रिय भूमिका निभा रहा है। परिषद द्वारा स्वच्छता अभियान, मतदाता जागरूकता अभियान, यातायात सुरक्षा अभियान और रक्तदान जैसे समाजहितैषी कार्यों का भी आयोजन किया जा रहा है।

**ये रहे उपस्थितः** इस अवसर पर परिषद के संरक्षक एवं बस्तर संभाग प्रभारी सुब्रत साहा, जिलाध्यक्ष सूरज यादव, कोषाध्यक्ष सोमेश्वर भारती और सदस्य रतिराम शोरी भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के माध्यम से परिषद ने प्रशासन और समाज के बीच बेहतर समन्वय की उम्मीद जताई।



### छात्राओं पर सॉफ्ट स्किल्स प्रशिक्षण में नांदी फाउंडेशन की पहल

**जगदलपुर।** शहर के धरमु माहरा शासकीय कन्या पॉलिटेक्निक में नांदी फाउंडेशन द्वारा फाइनल ईयर एवं पास-आउट छात्राओं के लिए 6-दिवसीय कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम 21 अप्रैल को मां सरस्वती पूजन के साथ संक्षिप्त उद्घाटन समारोह से शुरू हुआ। डॉ. नमिता अगरकर ने प्रशिक्षक सुश्री डोना गुहा एवं छात्राओं का स्वागत करते हुए इस अवसर का पूर्ण लाभ उठाने का आह्वान किया। डोना गुहा ने इंटरैक्टिव गतिविधियों के माध्यम से संचार कौशल, व्यक्तित्व विकास और साक्षात्कार तैयारी का पाठ्यक्रम प्रस्तुत किया। गणित प्राध्यापक बीएल देवांगन ने सॉफ्ट स्किल्स की आवश्यकता पर बल देते हुए कार्यक्रम की उपयोगिता रेखांकित की। प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट अधिकारी विनय मिश्रा ने धन्यवाद ज्ञापित किया तथा एंकरिंग एंजेलिन मैथ्यू ने की। पहले दो दिनों में स्व-परिचय कला, बॉडी लैंग्वेज, प्रोफेशनल ग्रूमिंग, करियर उन्मुख अंग्रेजी, लक्ष्य निर्धारण, समय प्रबंधन एवं स्वस्थ जीवन के टिप्स पर प्रशिक्षण दिया गया। आगामी चार दिनों में और भी विशेषज्ञ सत्र आयोजित किए जाएंगे।

# कलेक्टर ने किया मक्का प्रसंस्करण प्लांट व केन्द्रीय विद्यालय भवन का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव



कलेक्टर श्रीमती नुपूर राशि पन्ना ने आज कोण्डागांव जिले में विभिन्न विकास कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने सबसे पहले केन्द्रीय विद्यालय के नवनिर्मित भवन का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को साफ–सफाई दुरूस्त रखने और आगामी शैक्षणिक सत्र प्रारंभ होने से पूर्व सभी आवश्यक फर्नीचर, शिक्षण सामग्री एवं अन्य व्यवस्थाओं को पूर्ण करने के निर्देश दिए।

■ निरीक्षण के दौरान मक्का खरीदी की व्यवस्था से भी हुईं अवगत

इसके पश्चात कलेक्टर ने ग्राम कोकोड़ी में निर्मित मक्का प्रसंस्करण प्लांट का निरीक्षण किया। उन्होंने सीपीयू, वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट, बॉयलर प्लांट सहित सभी यूनिट्स की कार्यप्रणाली की जानकारी ली। कलेक्टर ने प्लांट में कार्यरत कर्मचारियों की जानकारी के साथ मक्का खरीदी की व्यवस्था से भी अवगत हुए। उन्होंने प्लांट संचालन में सुरक्षा मानकों का विशेष ध्यान रखने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि किसानों के हितों को प्राथमिकता देते हुए प्लांट संचालन हेतु सभी आवश्यक तैयारी पूरा करें। इसके अतिरिक्त कलेक्टर ने बड़े कनेरा रोड स्थित ऑडिटोरियम का निरीक्षण किया और बैठक व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने नगर पालिका अधिकारियों को नियमित सफाई एवं आवश्यकता अनुसार मरम्मत कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बैडमिंटन कोर्ट और स्वीमिंग पूल का भी अवलोकन किया। बिहान योजना के अंतर्गत संचालित 'उड़ान' का भी निरीक्षण करते हुए कलेक्टर ने वहां तैयार किए जा रहे उत्पादों की जानकारी ली तथा इसे और अधिक सुव्यवस्थित करने एवं आवश्यक मरम्मत के लिए निर्देश दिए। जिससे इस इकाई में संचालित आजीविका संबंधी गतिविधियों से अधिक से अधिक लोगों को लाभ मिल सके।

**ये रहे उपस्थित** – इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश भोई तथा एडीएम चित्रकांत चार्ली ठाकुर भी उपस्थित रहे।

## श्रमिक कल्याण योजनाओं को लेकर की अहम चर्चा

# कर्मकार कल्याण मंडल अध्यक्ष रामप्रताप का भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

भाजपा जिला कार्यालय, अटल सदन में आज एक विशेष आयोजन के दौरान छत्तीसगढ़ भवन एवं संनिर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के अध्यक्ष राम प्रताप सिंह का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। सिंह दोपहर 2:00 बजे कोंडागांव पहुंचे, जहां भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं जनप्रतिनिधियों ने उनका आत्मीय अभिनंदन किया।

कार्यक्रम के दौरान उन्होंने भाजपा संगठन की मजबूती, केंद्र व राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाएं, विशेषकर श्रमिकों के हित में संचालित योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की। अपने संबोधन में श्री सिंह ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में भाजपा सरकार गरीबों, श्रमिकों और वंचित वर्गों के जीवन स्तर को ऊंचा उठाने के लिए प्रतिबद्ध है। कई योजनाएं धरातल पर सफलतापूर्वक क्रियान्वित की जा रही हैं जिनका लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा है। उन्होंने कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा, भाजपा का कार्यकर्ता संगठन की रीढ़ है। आप सभी सरकार की योजनाओं और पार्टी की विचारधारा को जन–जन तक पहुंचाएं और विकास की प्रक्रिया में भागीदारी सुनिश्चित करें।



**ये रहे उपस्थित**– इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष सेवक राम नेताम, दीपेश अरोरा, मनोज जैन, नरपति पटेल, जसकेतु उसेंडी, कुलवंत चहल, जितेंद्र सुराना, जैनेन्द्र सिंह ठाकुर, ईना श्रीवास्तव, बसंती ठाकुर, अनीता नेताम सहित भाजपा महिला मोर्चा, युवा मोर्चा के कार्यकर्ता एवं अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उमड़ी भीड़ और उत्साह ने यह साबित कर दिया कि भाजपा कार्यकर्ता संगठन के प्रति समर्पित हैं और जनसेवा के लिए प्रतिबद्ध हैं।

### मेडिकल प्रवेश परीक्षा 4 मई को

*जगदलपुर। भारत सरकार के राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा दिए गए निर्देशानुसार मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट यूजी 2025 परीक्षा के सुचारू संचालन हेतु जिले में तैयारी पूरी कर ली गई है। उक्त निर्देशानुसार बस्तर जिले में नीट यूजी की परीक्षा 4 मई को शहर के 4 परीक्षा केन्द्रों में आयोजित की जाएगी। जिसके तहत झाड़ा सिरहा शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय धरमपुरा, शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या हायर सेकेण्डरी स्कूल, जगतु माहरा शासकीय बहुउद्देशीय हायर सेकेण्डरी स्कूल और जवाहर नवोदय विद्यालय धरमपुरा नम्बर-2 में उक्त परीक्षा होगी।*

## पेज 11 के शेष

### पारा हुआ 41...

जिले में आने वाले तीन दिनों में लू चलेगी। निजी स्कूल वाले नर्सरी से लेकर पाचंवी कक्षा के बच्चों तक की क्लास लगा रहे हैं। पूर्व माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक कक्षाओं के बच्चों को समर कैंप के नाम पर विभिन्न गतिविधियां करवाई जा रही है। प्रदेश सरकार के आदेश से सबसे ज्यादा राहत छोटे बच्चों को मिलेगी जो नर्सरी न और प्राइमरी क्लास के हैं। ऐसे बच्चे तेज गर्मी न की वजह से बीमार पड़ने लगे थे।

### आग लगाकर पत्नी...

ले जाने का कोशिश किया, तब भी नही चली। मै आवेश में आ गया और पैरावट से धान पैरा लाकर उसके ऊपर डालकर माचिस से आग लगाकर जला दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। आरोपी ऊपरतोनका निवासी 57 वर्षीय छेरकू राम मतलाम पिता स्व. रजनू राम मतलाम के खिलाफ पर्याप्त साक्ष्य पाए जाने पर विधिवत 22 अप्रैल को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल की सलाखों में भेजा गया।

### शादी से वापस...

सभी लोगों को चोटें आईं। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी बोलेरा वाहन क्रमांक सीजी 05 एफ 0642 के चालक गुलशन यादव के खिलाफ धारा 125 (ए), 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### विधायक ने तालाब...

सीईओ हरेश मंडावी, एसडीएम अरूण वर्मा, सीएमओ सुहेल कुमार और नगरपालिका का अमला उपस्थित रहा।

**खबर संक्षेप**

## नशीली टैबलेट एवं कैप्सूल के साथ आरोपी गिरफ्तार



**दंतेवाड़ा।** जिले में अपराध पर अंकुश लगाने तथा कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु पुलिस अधीक्षक गौरव राय, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक स्मृतिक राजनाला, पूजा कुमार, आर.के.बर्मन द्वारा अवैध शराब बिक्री के विरूद्ध लगातार कार्यवाही करने निर्देश प्राप्त होने पर अनुविभागीय अधिकारी किरन्दुल कपील चन्द्रा के मार्गदशन में थाना प्रभारी किरन्दुल संजय कुमार यादव के नेतृत्व में 22 अप्रैल को बंगाली कैम्प किरंदुल निवासी सुभाष देबनाथ उर्फ नाटा किरन्दुल द्वारा अवैध नशीला टैबलेट व कैप्शूल बिक्री करने की सूचना पर थाना किरन्दुल की टीम बनाकर गवाहों के साथ आरोपी के घर पर रेड कार्यवाही की गई मौके पर गवाहों के समक्ष तलाशी में आरोपी के घर से 1000 नग अल्प्राजोलम टैबलेट , 144 नग स्पास्मो कैप्सूल एवं बिक्री रकम 3000 रखा मिला। कार्रवाई करते हुए नशीली टैबलेट, कैप्सूल एवं बिक्री रकम को जब्त कर आरोपी सुभाष देवनाथ उर्फ नाटा 46 वर्ष को को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लेकर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। इस कार्रवाई में उप निरीक्षक लीलाराम गंगबेर, सउनि अनिता चौधरी, प्रआर नुरेन्द्र भारती, आरक्षक जोगा कुंजाम, मनोज साहू, सुभाष, देवलाल सिदार, विक्रांत साहू, सोनिया नेताम, सुरेखा सलाम का योगदान रहा।


### कलेक्टर ने ली समय-सीमा की बैठक

# आवेदनों के निराकरण की हुई गहन समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

आज कलेक्टर कुणाल दुदावत ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक ली। बैठक में एजेंडा अनुसार स्कूली छात्र, छात्राओं के जाति प्रमाण पत्र बनाने के संबंध में उन्होंने कहा कि इसके लिए संबंधित स्कूली शिक्षा विभाग, तथा राजस्व विभाग, महिला बाल विकास विभाग, को आपसी समन्वय और कार्ययोजना बनाने की आवश्यकता है। आंगनबाड़ी स्तर से ही छः वर्ष से ऊपर के बालक बालिकाओं का सर्वे करके इसकी प्रक्रिया शुरू की जानी चाहिए। सर्वे की सूची अनुसार प्राइमरी, मिडिल, एवं हाई स्कूल स्तर में अध्ययनरत छात्र छात्राओं के जाति प्रमाण पत्र संबंधी प्रकरण के संतृप्तिकरण में किसी भी प्रकार की कठिनाइयां आने पर संबंधित विभाग आपसी तालमेल के साथ हल कर सकते है और इस कार्य को पूरी प्राथमिकता से करें।

बैठक में जिले में पीएम श्री स्कूलों के मॉनिटरिंग के संबंध में, आवासीय विद्यालय पोटाकेबिन मरम्मत कार्य, ई-श्रम पोर्टल में प्रदेश के असंगठित कर्मकारों के पंजीयन हेतु निर्धारित लक्ष्य अनुरूप पंजीयन शत प्रतिशत पंजीयन कराने, जिले में कृषक पंजीयन अभियान सीएसई द्वारा संचालन एवं भुगतान किये जाने, ग्रामीणों तक बैंकिंग सेवा का लाभ पहुँचाने हेतु बैंकिंग कॉरेस्पॉन्डेंट (बीसी) सखी, जैसे विभिन्न मुददों के अलावा कलेक्टर ने सुशासन तिहार 2025 के अन्तर्गत विभागों द्वारा प्रकरणों की निराकरण की भी गहन समीक्षा करते हुए कहा कि प्रकरणों का निराकरण मिशन मोड में करें।



### अधूरे कार्य को समय पर पूरा करें

कलेक्टर ने शामिलान खाता बटांकन के संबंध में कहा कि इसके लिए समस्त अनुविभागीय अधिकारी चल रहे राजस्व पखवाड़ा अन्तर्गत सभी पटवारियों को प्रकरण दर्ज कराने लक्ष्य निर्धारण कर इसकी प्रगति की स्वयं निगरानी करें। जल जीवन मिशन के तहत हर घर जल प्रमाणीकरण की स्थिति, अपूर्ण टंकियों का निर्माण एवं एफएचटीसी की प्रगति के संबंध में, कलेक्टर ने पीएचई विभाग को निर्देशित किया कि इस संबंध में पूरे आकलन के साथ पूर्ण एवं अपूर्ण कार्यों को सूचीबद्ध करके प्रस्तुत करें। साथ ही समय सीमा के अंदर अपूर्ण कार्य को पूरा न किए जाने का औचित्यपूर्ण कारण दर्शाएं।

### पात्र को मिले आयुष्मान कार्ड

आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु जिले में विशेष अभियान की जानकारी लेते हुए कलेक्टर ने सीएमएचओ को निर्देश दिया कि इस अभियान हेतु तय लक्ष्यों तक पहुंचने के लिए मैदानी कर्मचारियों को विशेष रूप से आवेशित करे ताकि समय सीमा में आयुष्मान कार्ड पात्र हितग्राहियों को दिया जा सकें। इसके अलावा उन्होंने सिकल सेल मरीजों की काउंसलिंग तथा एनसीडी स्क्रीनिंग की जानकारी स्वास्थ्य विभाग से चाही उन्होंने यह भी कहा कि आगामी दिवस में पृथक रूप से स्वास्थ्य विभाग के विभागीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की समीक्षा हेतु बैठक ली जाएगी।



# बेलपुटी में बाली मेला के समापन में पहुंचे विधायक लखेश्वर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बकावंड

विकासखंड बकावंड के ग्राम बेलपुटी में लगातार 3 माह तक चले बाली मेला का आज समापन हो गया। समापन अवसरपर क्षेत्रीय विधायक लखेश्वर बघेल भी बेलपुटी मेले में पहुंचे थे।

ग्राम पंचायत बेलपुटी में लगने वाले बाली मेला समारोह में कोदई माता की पूजा अर्चना की जाती है। ग्राम देवी के रूप में इनकी पूजा अर्चना कर समारोह को मड़ई उत्सव के रूप में मनाया जाता है आज समापन समारोह में विधायक लखेश्वर बघेल शामिल हुए। उन्होंने भी ग्राम देवी कोदई माता की पूजा अर्चना की और सबके मंगल की कामना माता से की। विदित हो कि इस मेले में उड़ीसा प्रांत से प्रतिदिन हजारों लोग आते हैं। इस मेले के दरम्यान स्थानीय लोग अपना व्यापार भी संचालित करते हैं। इस बार भी मेले में मिठाई, खिलौनों और अन्य वस्तुओं की पचासों दुकाने लगी थीं, जहां ओड़शिा से आए लोगों और अंचल के स्थानीय ग्रामीणों ने जमकर खरीदारी की। तरह तरह के झूले लगे थे और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का दौर भी चलता रहा। ग्रामीणों ने झूलों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भरपूर आनंद उठाया।

# सरपंच सुनील बने अध्यक्ष, उपाध्यक्ष कमलोचन



**बस्तर।** जिले के बस्तर बस्तर विकासखंड के जनपद कार्यालय में बुधवार को सरपंच संघ का अध्यक्ष पद के चुनाव के दौरान 91 ग्राम पंचायत के सरपंच शामिल हुए। जहां सर्वसम्मति से सरपंच संघ अध्यक्ष के लिए ग्राम रतेंगा सरपंच सुनील कश्यप को निर्विरोध चुना गया।वहीं उपाध्यक्ष पद के लिए तालुर सरपंच कमलोचन कश्यप,कोषाध्यक्ष पद के लिए चपका सरपंच पीली कश्यप,सचिव पद के लिए लामकेर सरपंच लक्ष्मण कश्यप, सहसचिव सोनारपाल सरपंच दयाराम बघेल को सर्वसम्मति से चुना गया।चुनाव संपन्न होने के पश्चात जनपद सीईओ भानुप्रताप चुरेंद्र से भेंट मुलाकात किया।

# सीईओ ने की प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा



जिला पंचायत सीईओ श्री जयंत नाहटा की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इसमें चारों विकासखंड के जनपद सीईओ, उपसंचालक पंचायत, विकासखंड समन्वयक एवं संबंधित टीम उपस्थित रहे। बैठक के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत विस्तृत समीक्षा की गई। जिसमें आवास प्लस 2024 सर्वे को 30 अप्रैल 2025 तक शत प्रतिशत पूर्ण करने का निर्देश दिया गया'। आवास पूर्णता की प्रगति एवं आवास स्वीकृति की प्रगति की समीक्षा, आत्मसमर्पित नक्सली एवं नक्सल पीड़ित परिवारों को शत प्रतिशत आवास स्वीकृति' प्रदान करने के निर्देश दिए गए। स्वीकृत किए आवास को शत प्रतिशत प्रथम किस्त की राशि जारी करने तथा प्रथम किस्त प्राप्त सभी हितग्राहियों को 'प्लिंथ स्तर' तक निर्माण पूर्ण करने के लिए कहा गया। आवश्यक निर्माण सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु भी निर्देश दिए गए।

HEALTH TOWN
अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जॉच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
- टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130



## खबर संक्षेप



### चेमल में मोबाइल का नेटवर्क महीनेभर से है बंद

**दुर्गूकोंदल।** विकासखंड दुर्गूकोंदल अंतर्गत ग्राम पंचायत चिहरो के आश्रित ग्राम चेमल में बीएसएनएल टावर महीनेभर से बंद होने से उपभोक्ताओं को काफी परेशानी हो रही है। ग्रामीण एवं बीएसएनएल उपभोक्ता रामदेव तिरसुनिया, धन्नालाल चक्रधारी, लुकेश राणा, दिलीप निषाद, संजय नरेटी, विकास विश्वकर्मा, नरेश पटेल, प्यारे कोवाची, टिकेश कोवाची एवं अन्य ग्रामीणों ने बताया है कि क्षेत्र में बीएसएनएल टावर 1 महीने से बंद होने से काफी परेशानी हो रही हैं। ग्रामीण जनों ने कहा है कि वर्तमान में डिजिटल इंडिया के तहत सारे काम वॉट्सएप नेट बैंकिंग एवं अन्य काम मोबाइल के द्वारा की जाती हैं, जिसमें स्कूल बच्चों को भी काफी परेशानी हो रही है। ग्रामीणों ने बीएसएनएल टावर बंद है, उसे चालू करने की मांग किया है।

### घायल युवक की इलाज के दौरान रायपुर में मौत

**कांकेर।** नरहरपुर थानांतर्गत राजपुर निवासी 25 वर्षीय कौशन कुमार मरकाम सड़क दुर्घटना में घायल हो गया था। ईलाज के लिए रायपुर के अस्पताल में भर्ती किया गया, जहां ईलाज के दौरान उसका 21 मार्च को मौत हो गया। नरहरपुर थाना में मर्ग डायरी पेश करने पर असल नंबरी मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### अटल सुविधा केंद्र का शुभारंभ होगा आज कन्हारपुरी में

**कांकेर।** पंचायती राज दिवस के अवसर पर अटल डिजिटल सुविधा केन्द्र का शुभारंभ 24 अप्रैल को जनपद पंचायत कांकेर की ग्राम पंचायत कन्हारपुरी में दोपहर 03 बजे वर्चुअल माध्यम से किया जाएगा। उक्त वर्चुअल कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं उप मुख्यमंत्री वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से जुड़ेंगे। अटल डिजिटल सुविधा केन्द्र में नागरिक सुविधाओं की पहुंच के लिए जन्म-मृत्यु, पंजीयन एवं प्रमाण पत्र, आय, जाति, निवास, विवाह पंजीयन, राजस्व सेवाएं सीएससी आईडी की सुविधा मिलेगी।

### आराधना महोत्सव आज

**जगदलपुर।** सत्य साई सेवा समिति ने बताया कि शहर में भगवान श्री सत्य साई बाबा के महासमाधि दिवस आराधना महोत्सव के अवसर गुरूवार को समिति भवन में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे।

**प्रोत्साहन : कलेक्टर क्षीरसागर का मार्गदर्शन रंग लाया**

# जेईई एडवांस परीक्षा में शासकीय स्कूलों के 31 छात्र हुए क्वालीफाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

जिले में शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाने स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर के मार्गदर्शन में हमर लक्ष्य के तहत जेईई मेंस प्रथम एवं द्वितीय सेशन के आधार पर भाग लेने वाले छात्र-छात्राओं में से जिले से 31 छात्रों ने जेईई एडवांस परीक्षा के लिए क्वालीफाई किया है।

जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि जेईई के पर्सेंटाईल जनरल 93 पर्सेंटाइल, ओबीसी 79.44 पर्सेंटाइल, एससी 61.15 एवं एसटी के लिए 47.90 पर्सेंटाइल रहा है। जिले में इन 31 छात्रों में से 1 छात्र ओबीसी, 29 एसटी तथा 1 ओबीसी संवर्ग से है, जिनमें जेईई में 14 बालिका एवं 17 बालक कुल 31 छात्र क्वालीफाइड हुए हैं। ये सभी छात्र जिले के विभिन्न शासकीय विद्यालयों में अध्ययनरत हैं, जिसमें 8 छात्र प्रयास के और शेष 23 छात्र जिले के शासकीय हायर सेकण्डरी विद्यालयों से हैं। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि इसमें से अधिकतर छात्र गरीब, मजदूर एवं किसान परिवार से हैं, तो कई छात्रों के माता-पिता मनरेगा में मजदूरी करते हैं। इनकी आजीविका का साधन वनोपज है फिर भी इनके बुलंद हौसलों ने बड़ी सफलता दिलाई।




प्रयास आवासीय विद्यालय कांकेर की छात्रा केसमी यादव ने 81.97 अंक एवं शासकीय उमावि अंतागढ़ के हरेन्द्र कुमार कुमेटी ने 80.48 अंक प्राप्त किया है।

इसी तरह शासकीय पीएमश्री अंग्रेजी माध्यम विद्यालय नरहरपुर में अध्ययनरत 3 आदिवासी छात्रों का चयन हुआ है। हिमांशु कुंजाम ने 80 प्रतिशत, सेजेस दमकसा से करीना रावटे 77.91 पर्सेंटाइल, जीत कुमार वट्टी 74 पर्सेंटाईल, रोशन कुमार नेताम 51.41 पर्सेंटाईल प्राप्त किए हैं। इन सभी के माता पिता कृषि मजदूरी का कार्य करते हैं। इसी तरह शासकीय उमावि तुड़गे से राखी नरेटी ने 76.92 अंक, शासकीय उमावि साल्हे का दिपेश कुमार लाडिया 71.28 पर्सेंटाइल व शास पीएमश्री उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय दुर्गूकोंदल की पूजा पोया ने 66.30 पर्सेंटाइल अंक प्राप्त किया है। इसी तरह प्रयास आवासीय विद्यालय से संध्या मरकाम ने 68.89 प्रतिशत, सेजेश अमोड़ा से तरूण कुमार उयके ने 66.29 प्रतिशत, प्रयास की खुशबू धनेलिया ने 66.29, शासकीय उमावि गिरहोला के चैतन्य नागवंशी ने 62.554 और शासकीय उमावि कुर्री से किशोर मंडावी ने 59.86 पर्सेंटाइल प्राप्त किया है। इस प्रकार जिले से 31 छात्रों ने जेईई एडवांस परीक्षा के लिए क्वालीफाई किया है। पीएमश्री अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय अंतागढ़ से 2 छात्र उदित देहारी 55.20 और लक्ष्य परते ने 46.20 अंक प्राप्त किया है। ताड़ोकी के आनंद कुमार 57.55 पर्सेंटाइल है तथा जिले में कम से कम 8 छात्र ऐसे हैं, जिनका चयन एनआईटी में होना संभावित है। जेईई एडवांस क्वालीफाई करने वाले एसटी संवर्ग के छात्रों को बोर्ड कक्षा अर्थात 12वीं में 65 प्रतिशत या अधिक अंक लाना आवश्यक होता है। जेईई क्वालीफाई करने वाले छात्रों में क्रमशः अंतागढ़ से 3, भानुप्रतापपुर से 6, चारामा से 2, दुर्गूकोंदल से 4, कांकेर से 9 जिसमें प्रयास के 8, सेजेश नरहरदेव 1 छात्र, कोयलीबेडा 1 छात्र नरहरपुर से 6, इस प्रकार कुल 31 छात्रों ने जेईई एडवांस परीक्षा के लिए क्वालीफाई किया है। कांकेर जिला लगातार प्रतियोगी परीक्षा में अच्छे प्रदर्शन कर रहा है। सत्र 2024-25 में जवाहर नवोदय प्रवेश परीक्षा में 58 शासकीय विद्यालय के छात्र चयनित हुए हैं। वहीं एनएमएमएससी छात्रवृत्ति परीक्षा जिसमें गत वर्ष 526 छात्र चयनित हुए, अभी इसकी रिजल्ट आना बाकी है और अब जेईई एडवांस प्रवेश परीक्षा हेतु 31 बच्चों का चयन होना हर्ष का विषय है। इसके साथ ही इन बच्चों के अलावा नीट परीक्षा के लिए छात्रों को परीक्षा की तैयारी कराने के निर्देश जिला शिक्षा अधिकारी को दिए हैं।

#### आवश्यक प्रक्रिया बताई गई

जेईई मेंस प्रथम एवं द्वितीय सेंशन के साथ-साथ एडवांस प्रवेश परीक्षा के लिए शुल्क की प्रतिपूर्ति जिला प्रशासन द्वारा किया जा रहा है। इसके लिए प्राचार्य एवं एक नोडल व्याख्याता को जेईई एडवांश प्रवेश परीक्षा की तैयारी व प्रवेश फॉर्म भरने के लिए आवश्यक प्रक्रिया के लिए निर्देशित किया है।

## डीजल लेने जा रहे बाइक सवार को कार ने मारी ठोकर, घायल



**पुलिस ने शुरू की जांच**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

कृषि कार्य के लिए पेट्रोल पंप चारामा से डीजल लेने जा रहे मोटर सायकल सवार को कार चालक ने अपनी वाहन को लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। थाना में शिकायत करने पहुंचे हल्बा चौकी अंतर्गत 33 वर्षीय चेतन यादव पिता सुरेन्द्र यादव ने पुलिस को बताया कि 16 अप्रैल को मेरे पिता सुरेन्द्र यादव शाम को 5 बजें अपनी मोटर सायकल सीजी 19 बीजे 2415 में चारामा के पेट्रोल पंप से कृषि कार्य के लिए डीजल लेने के लिए निकले थे। उसके पीछे-पीछे मैं भी अपनी मोटर सायकल से चारामा किराना सामान लेने के लिए निकला था। शाम करीबन साढ़े 5 बजें राष्ट्रीय राजमार्ग 30 साहू सदन जैसाकर्रा के पास पहुंचे थे कि उसी समय चारामा कि ओर से विपरीत दिशा से आ रही अर्टिका वाहन क्रमांक सीजी 08 एटी 8992 के चालक ने अपनी वाहन को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाकर ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे मेरे पिता सुरेन्द्र यादव अपनी मोटर सायकल समेत जमीन पर गए व उन्हे गंभीर चोट आई। उपस्थित राहगीरों कि सहायता से 108 के माध्यम से सरकारी अस्पताल चारामा ईलाज के लिए ले जाया गया। मेरे पिता के तबीयत को बिगड़ता देख चिकित्सको ने उन्हे हायर सेंटर रिफर किया। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी वाहन क्रमांक सीजी 08 एटी 8992 के चालक के खिलाफ धारा 125 (ए), 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया।

## दुधावा पुलिस ने तीन गौ तस्करों को दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बासनवाही

अवैध रूप से तस्करी करके कत्ल खाना ले जाने की तैयारी कर रहे गौ तस्करों पर पुलिस ने दबिश दिया और मौके से 74 नग मवेशियों को


- 79 मवेशियों को छुड़ाया गया

रेस्क्यू कर बचाया। पुलिस ने सभी मवेशियों का डॉक्टरी परीक्षण उपरांत सुरक्षा के तहत गौ सेवा संस्था भेजा गया। इसके अलावा पिकप वाहन में पाँच मवेशियों को बंधक बनाकर तस्करी करने वाले तीन आरोपियों को पुलिस ने दबोचा। दोनो प्रकरणों में पुलिस ने अपराध दर्ज किया है।

दुधावा चौकी पुलिस ने 22 अप्रैल शाम को पिकप वाहन क्रमांक सीजी 04 जेडी 2303 में 5 मवेशियों को भूखे प्यासे प्रताड़ति हालत में परिवहन किया जा रहा था, जिसे ग्राम सालेटोला में घेराबंदी कर पिकप वाहन को रुकवाकर बंधक बनाए गए पाँच मवेशियों को छुड़वाया गया। वाहन में सवार तीन आरोपी हेमलाल अड़ील पिता सीताराम उम्र 30 वर्ष निवासी







सिदेसर थाना कांकेर, बैधराम मरकाम पिता तुलसी राम उम्र 40 वर्ष निनिवासी दलदली चौकी दुधावा, जोहन सिंह सलाम पिता धनसिंग उम्र 57 वर्ष निवासी दलदली चौकी दुधावा ने तीनो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ छग कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम एवं पशु क्रुरता निवारण अधिनियम के तहत कारवाई किया गया। दूसरे मामले में दुधावा चौकी पुलिस को जानकारी मिली कि गौ तस्कर मवेशियों की अवैध तस्करी करके कत्लखाना के लिए ले जा रहें है और मवेशियों को बिना चारा-पानी खिलाए ले जाने की तैयारी में लगे है। ऐसी जानकारी मिलने पर दुधावा चौकी की टीम ने सारवंडी पहुँचकर दबिश दिया और पुलिस को देखते ही आरोपी भाग गए वहीं दुधावा पुलिस ने सारवंडी के पास बजरंग दल के कार्यकर्ताओं के साथ 74 गौवंश का अपने कब्जे में लिया। दुधाव पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

#### प्रताड़ित करके परिवहन कर रहे थे

दुधावा चौकी प्रभारी योगेंद्र वर्मा ने बताया कि बजरंग दल के सदस्यों के द्वारा अवैध परिवहन की जानकारी मिली थी। जाँच करने पर पाया गया कि गौ तस्कर गौवंशीय जानवरों को प्रताड़ित करके परिवहन कर रहे थे। एक प्रकरण में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, वहीं दूसरे प्रकरण में आरोपी हमारी टीम को देखकर भाग गए है। इस मामले में अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

## नवीन नक्सल पुनर्वास नीति का लाभ दिलाने लगा विशेष शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

राज्य शासन द्वारा लागू की गई नवीन नक्सल पुनर्वास नीति 2025 के तहत जिले में निवासरत माओवादी

- मौके पर बनाए गए आधार, आयुष्मान व राशन कार्ड

पीड़ति एवं प्रभावित परिवारों को शासन की योजनाओं का लाभ दिलाने के उद्देश्य से कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर के निर्देशानुसार नगर के न्यू कम्युनिटी हॉल में 23 अप्रैल को विशेष शिविर का आयोजन किया गया।

इस दौरान प्रभावित परिवारों का मौके पर विभिन्न प्रकार के दस्तावेज तैयार किए गए। साथ ही योजनाओं की जानकारी देकर उन्हें लाभ लेने का अनुरोध किया गया। नगर पालिका कांकेर के न्यू कम्युनिटी हॉल में आयोजित प्रथम विशेष शिविर में काफी संख्या में प्रभावित परिवार के लोग पहुंचे, जहां पर विभिन्न विभागों के सहयोग से दस्तावेज तैयार किए गए। इस दौरान खाद्य विभाग, कौशल विकास, श्रम, अग्रणी बैंक, चिप्स, स्वास्थ्य विभाग, कृषि, राजस्व, विद्युत,



#### भानुप्रतापपुर में विशेष शिविर 25 को

नवीन नक्सल पुनर्वास नीति-2025 के तहत दूसरा शिविर विकासखण्ड मुख्यालय भानुप्रतापपुर में शुक्रवार 25 अप्रैल को आयोजित किया जाएगा। उक्त शिविर पीएमश्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भानुप्रतापपुर के परिसर में लगाया जाएगा। कलेक्टर ने जिला स्तर के सभी अधिकारियों को शिविर स्थल में उपस्थित रहकर आवेदनों का निराकरण करने के निर्देश दिए हैं।

महिला एवं बाल विकास, स्कूल शिक्षा, समाज कल्याण, आदिवासी विकास, अंत्यावसायी विकास निगम तथा जिला पंजीयक द्वारा स्टॉल लगाकर ग्रामीणों को लाभान्वित किया गया। मौके पर ही 6 लोगों ने आधार कार्ड अपडेट कराया तथा एक का नया आधार के लिए पंजीयन कराया गया।

इस तरह श्रम विभाग द्वारा 6 आवेदकों का नया पंजीयन किया गया। इसके अलावा एक बच्ची का आयुष्मान कार्ड मौके पर बनाया गया। कलेक्टर ने शिविर स्थल का अवलोकन एवं निरीक्षण कर सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन की मंशानुसार पीड़ति एवं प्रभावित परिवारों को योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए शत-प्रतिशत सैचुरेट करें। उन्होंने कहा कि विभिन्न जरूरी दस्तावेजों के अभाव में कई ऐसे परिवार हैं जो शासन की योजनाओं का लाभ लेने से वंचित रह जाते हैं, ऐसे में उन्हें लाभान्वित करने प्राथमिकता से दस्तावेज बनाया जाना बेहद आवश्यक होता है, इसीलिए विशेष शिविर आयोजित किया गया है। शिविर स्थल में स्वास्थ्य विभाग द्वारा 24 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें निःशुल्क दवा वितरित किया गया।

## कार्रवाई नही हुई तो होगा उग्र प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

आम आदमी पार्टी के महामंत्री समीर खान नें पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ बस्तर संभागीय कमिश्नर कार्यालय का घेराव किया। उन्होंने कमिश्नर

- लापरवाह डॉक्टर के खिलाफ कार्रवाई करने आप के पदाधिकारी व कार्यकर्ता संभागायुक्त से मिले

को मांगपत्र सौंपते हुए चेतावनी दी की नसबंदी करने वाले लापरवाह डॉक्टर सचिन पापड़ीकर के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। कार्रवाई नही किए जाने पर आम आदमी पार्टी कार्यालय के सामने उग्र



धरना प्रदर्शन करेगा। साथ ही संभागायुक्त से मांग करते कहा नसबंदी से पीड़ित महिला को तत्काल उपचार के लिए सहायता राशि प्रदान किया जाए। आम आदमी पार्टी के नेता समीर खान ने बीजापुर जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं की अवस्थाओं को लेकर प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल पर भी निशाना साधा, मंत्री सीधे हेलीकॉप्टर में बैठकर बीजापुर पहुंचते हैं और करोड रुपए की लागत से मल्टी सुपर स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल बनाने आश्वासन का लॉलीपॉप थमा कर चल देते हैं, जिन्हे यह देखना है बीजापुर जिला एवं मातृत्व शिशु अस्पताल में स्वास्थ्य सुविधाएं, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से भी बदतर हैं। जहां पदस्थ डॉक्टरों को लाखों रुपए का पैकेज देने के बाद भी मरीजों की जान जोखिम पड़ रहीं है, शिकायतों के बाद भी डॉक्टर के खिलाफ एक्शन नहीं लिया जाता है। आखिर लापरवाह डॉक्टर को किसका संरक्षण प्राप्त है, क्या आगे भी यही सिलसिला जारी रहेगा, महिलोंओं की जाने जोखिम में पड़ते रहेगी या साइलेंट मौत होता रहेगा।

मरीजों की स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने करोड़ो रुपये का मद सालाना राज्य और केंद्र सरकार से मिलता है। डीएमएफ मद से अलग पैसा मिलता है। इतना सब कुछ मिलने के बाद भी उपचार के मामले में जिला एवं मातृत्व शिशु हॉस्पिटल की दशा इतनी खराब क्यों हो रहीं है।

### गर्मी की छुट्टियां 25 से

**सुकमा।** छत्तीसगढ़ शासन के स्कूल शिक्षा विभाग ने प्रदेश में पड़ रही भीषण गर्मी और लू की स्थिति को देखते हुए ग्रीष्मकालीन अवकाश की तिथि में संशोधन किया गया है। अब राज्य के सभी शासकीय, अनुदान प्राप्त, गैर अनुदान प्राप्त तथा अशासकीय शालाओं में 25 अप्रैल से 15 जून तक ग्रीष्मकालीन अवकाश घोषित किया गया है। पूर्व में यह अवकाश 1 मई से शुरू होने वाला था, लेकिन बच्चों के स्वास्थ्य पर गर्मी के प्रतिकूल प्रभाव को ध्यान में रखते हुए राज्य शासन ने यह निर्णय लिया है। स्कूल शिक्षा विभाग की ओर से मंत्रालय महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर से जारी आदेश के अनुसार, यह अवकाश केवल विद्यार्थियों के लिए रहेगा। शिक्षकों पर यह आदेश लागू नहीं होगा।

## डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल में मनाया गया अर्थ डे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बकावंड

पेड़ों के अध्ययन को पर्यावरण शिक्षा में शामिल करने के लिए प्रोत्साहित करने का एक अभिनव और प्रभावशाली तरीका अपनाने के उद्देश्य से डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल उलनार में विश्व पृथ्वी दिवस मनाया गया। इस अवसर पर प्राचार्य मनोज शंकर के मार्गदर्शन में कार्यक्रम आयोजित किया गया। शिक्षकों व विद्यार्थियों ने पर्यावरण को बचाने के लिए शपथ ली। बच्चों को समूहों में बांटकर पेड़ पौधों व वनस्पतियों की पहचान एवं समूह संबंधित पौधों की जानकारी दी गई। जिसमें स्थानीय व वैज्ञानिक नाम, औषधीय उपयोग, पारंपरिक महत्व, पर्यावरणीय भूमिका आदि की जानकारी दी गई।




## नेतानार में हुआ सुपोषण पखवाड़ा

**जगदलपुर।** आयुष विभाग की ओर से सुपोषण पखवाड़ा नानगुर सेक्टर अन्तर्गत आंगनबाड़ी केन्द्र नेतानार में हाल ही में लगाया गया। इसमें परियोजना अधिकारी संध्या, ज्योती, बाला, सेक्टर सुपर वाईजर रेखा नाग, महिला बाल विकास विभाग की ओर से उपस्थित होकर नेतानार में उपस्थित समस्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका, ग्रामीण महिलाएं, गर्भवती महिलाएं, किशोरी बालिकाएं एवं बच्चे, बच्चियों को सुपोषण पखवाड़ा के बारे में बताया गया। सुपोषण पखवाड़ा में ग्राम पंचायत नेतानार की सरपंच हीरादेई नाग एवं आयुर्वेद औषद्यालय नेतानार के आयुर्वेद चिकित्साधिकारी डॉ. विजय तिवारी शामिल रहे। इसमें डॉ. तिवारी द्वारा ग्रामीण महिलाओं, किशोरियों, गर्भवती महिलाओं, बच्चियों को संतुलित आहार दिनचर्या, रोग एवं बचाव से संबंधित जानकारी के साथ स्वच्छता के बारे में जानकारी दी।

## मुस्लिम समाज ने नारेबाजी कर पाकिस्तान का फूंका पुतला

**भानुप्रतापपुर।** कश्मीर के पहलगाम में हुई आतंकवादी घटना के विरोध में भानुप्रतापपुर में मुस्लिम समाज ने पाकिस्तान एवं आतंकवाद का पुतला फूंका। मुस्लिम समाज के युवा बड़ी संख्या में मुख्य चौक भानुप्रतापुर पहुंचे। उन्होंने आतंकवाद एवं पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए पुतला फूंका। पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भानुप्रतापपुर मुस्लिम समाज द्वारा रोष व्यक्त करते हुए, भारत सरकार से आतंकियों के खिलाफ सख्त ऐक्शन की मांग किया है। इस दौरान मुस्लिम समाज के सदर फुरकान अहमद ने कहा कि मुस्लिम समाज इस कारण हरकत की कड़ी निंदा करता है, साथ ही भारत की सरकार से अव्हान करता है कि इन पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई किया जाए।



तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, ऐक्जिमा, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज




online Booking:-www.tripuryatra.com
23 मई, 06 जून, 25 जुलाई, 14 अगस्त, 11 सितम्बर, 03 अक्टूबर 2025 (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा(गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, काठमांडू दरबार), गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल), सीतामणी
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर 17500/-, 3 एसी 27,500/-, 2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411




रामेश्वरम धाम यात्रा
तिरूपति बालाजी, श्री रामेश्वरम, कन्याकुमारी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, त्रिवेन्द्रमपुरम केरला, मदुरै-माँ मिनाक्षी देवी, पद्मनादम् स्वामी, केरला, सुन्द्रेश्वर महादेव,
यात्रा दिनांक
01 जून 2025
16 जुलाई 2025
27 जुलाई 2025
16 अगस्त 2025
09 सितंबर 2025
10 दिन की यात्रा
राशिः स्लीपर- 18,501/-, 3AC-29,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866, 82757-57579
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)